आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरुवार 30.01.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- प्रदेश सरकार ने जनभावनाओं के अनुरूप बजट के लिए राज्य की जनता से सुझाव मांगे हैं।
- प्रदेश में गर्भवती महिलाओं को अब प्रसव पूर्व जांच के लिए भी खुशियों की सवारी सेवा की सुविधा निःशुल्क मिलेगी।
- राष्ट्रीय खेलों के तहत टिहरी जिले के शिवपुरी में खेले गए बीच हैंडबॉल के सेमीफाइनल मुकाबले में उत्तराखंड ने राजस्थान को हराकर फाइनल में जगह बनाई।
- खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा– राष्ट्रीय खेलों को ग्रीन गेम्स के रूप से पहचान दिलाने के लिए प्रदेश सरकार ने कई पहल की है।

## बजट पूर्व सुझाव

प्रदेश सरकार ने जनभावनाओं के अनुरूप बजट के लिए राज्य की जनता से सुझाव मांगे हैं। नौ फरवरी तक सुझाव दिए जा सकते हैं। वित्त मंत्री डॉ प्रेमचंद अग्रवाल ने "जनता का बजट, जनता के द्वारा, जनभावनाओं के अनुरूप बनेगा बजट हमारा" स्लोगन के तहत प्रदेश की जनता से सुझाव मांगे हैं। वित्त मंत्री ने बताया कि प्रदेश सरकार ने बजट से पूर्व जनता के सुझाव लेने की परंपरा शुरू की गई थी। इसी परंपरा के तहत जनता से वित्तीय वर्ष 2025–26 के बजट निर्माण को लेकर सुझाव आमंत्रित किए गए हैं। फोन नंबर 9520820683 पर और budget-uk@nic.in ईमेल के माध्यम से सुझाव भेजे जा सकते हैं।

## मुख्य सचिव

प्रदेश में "खुशियों की सवारी" सेवा की सुविधा का उपयोग प्रसव के समय के साथ ही गर्भवती महिलाओं द्वारा सरकारी अस्पतालों में प्रसव पूर्व जांचों के लिए भी निःशुल्क किया जा सकता है। मुख्य सचिव ने स्वास्थ्य विभाग को इस जनहितकारी जानकारी के व्यापक प्रचार–प्रसार के निर्देश दिए हैं, ताकि राज्य की आधिकारिक गर्भवती महिलाएं विशेषकर दूरस्थ पर्वतीय क्षेत्रों में रहने वाली साधनविहीन गर्भवती महिलाएं इसका लाभ उठा सकें। सचिवालय में पल्स ऐनीमिया महाअभियान के संबंध में बैठक लेते हुए मुख्य सचिव ने सभी जिलाधिकारियों को एनीमिया को समाप्त करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा तैयार किए गए एक्शन प्लान के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को सभी गर्भवती महिलाओं के गर्भावस्था के पहले चरण में ही एनीमिया आइडेंटिफिकेशन को सुनिश्चित करने को कहा है। इसके अलावा शिक्षा विभाग को विद्यालयों में छात्रों के उपस्थिति रजिस्टर में ही अनिवार्य रूप से प्रत्येक माह जांच के बाद हीमोग्लोबिन लेवल भी दर्ज करने के निर्देश दिए हैं।

इसके बाद एनीमिया से ग्रस्त छात्र–छात्राओं के उपचार की विशेष व्यवस्था, मॉनिटरिंग और ट्रैकिंग की जाएगी। छात्राओं के हीमोग्लोबिन लेवल की नियमित जानकारी रिपोर्ट कार्ड में अंकित कर अभिभावकों को दी जाएगी। मुख्य सचिव ने स्कूलों में विद्यार्थियों के लिए सप्ताह में एक पीरियड, स्वास्थ्य जानकारी पर आयोजित करने को भी कहा है। इसके अलावा उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को टीबी मुक्त उत्तराखंड के लक्ष्य को जल्द पूरा करने के लिए स्वास्थ्य विभाग के एक्शन प्लान पर गंभीरता से कार्य करने के भी निर्देश दिए हैं।

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महत्वपूर्ण खनिजों के बारे में केन्द्रीय मंत्रिमंडल के फैसले को आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन से संबंधित मंत्रिमंडल के फैसले से भारत की उच्च प्रौद्योगिकी, स्वच्छ ऊर्जा, रक्षा और अन्य महत्वपूर्ण उद्योगों को प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने कहा कि एथनॉल खरीद की संशोधित दर से जुड़े फैसले से एथनॉल उत्पादन बढ़ाने और ब्लेडिंग लक्ष्यों को हासिल करने में भी मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि इससे कच्चे तेल के आयात में कमी आएगी, किसान सशक्त होंगे और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा।

श्रम एवं रोजगार बैठक

नई दिल्ली में केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया की अध्यक्षता में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के श्रम मंत्रियों और सचिवों की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने 2047 तक विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए आवश्यक श्रम सुधारों को शुरू करने के महत्व पर जोर दिया। वहीं, प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी इस बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के प्रतिनिधि के रूप में शामिल हुए। कृषि मंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार के दिशा–निर्देशन में उत्तराखण्ड ने अपनी श्रम नीतियों में विगत 10 वर्षों में कई विकासपरक सुधार किये हैं। इसके तहत व्यापार के सरलीकरण को बढ़ावा मिला है। उन्होंने बताया कि कारखानों में महिलाओं को रात्रि–पाली में कार्य करने की छूट देते हुए उनकी सुरक्षा और यौन उत्पीड़न संबंधी घटनाएं रोकने के लिए प्रावधान किए गए हैं। इससे महिला कर्मकारों के लिए रोजगार के अवसर बढ़े है, साथ ही व्यापारों को भी नियोजन करने में सुगमता हुई है। श्री जोशी ने कहा कि प्रदेश सरकार, राज्य के श्रमिकों, व्यापारियों और सभी छोटे–बड़े उद्यमियों के विकास के लिए सदैव तत्पर है।

राष्ट्रीय खेल

राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखंड ने एक और पदक पक्का कर लिया है। टिहरी जिले के शिवपुरी में खेले गए बीच हैंडबॉल के सेमीफाइनल मुकाबले में उत्तराखंड ने राजस्थान को हराकर फाइनल में जगह बनाई है। कल फाइनल मुकाबला उत्तराखंड और सर्विसेज के बीच खेला जाएगा। उत्तराखंड के हैंडबॉल के खिलाड़ी अभिषेक ने आकाशवाणी से बातचीत में खुशी जाहिर की।

उत्तराखंड में आयोजित राष्ट्रीय खेलों का रोमांच बढ़ने लगा है। देहरादून के परेड ग्राउंड स्थित मल्टीपर्पज हॉल में 38वें राष्ट्रीय खेलों के बैडमिंटन मुकाबलों के पहले दिन कल जबरदस्त रोमांच देखने को मिला। बैडमिंटन में पुरुष ग्रुप बी में राजस्थान ने अरुणाचल प्रदेश को 4–1 से हराया, जबकि उत्तराखंड ने ग्रुप ए में कर्नाटक को कड़े मुकाबले में 3–2 से मात दी। छत्तीसगढ़ ने भी राजस्थान को 3–2 से हराकर शानदार प्रदर्शन किया। महिला वर्ग में मेजबान उत्तराखंड ने गुजरात को 3–2 से हराकर विजयी शुरुआत की। वहीं, हरियाणा ने असम को 4–1 से शिकस्त दी, जिसमें अनमोल खरब ने एकल और युगल में दमदार खेल दिखाया। दिन के आखिरी मुकाबले में उत्तराखंड ने कर्नाटक को 3–2 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। तैराकी, वुशु और बैडमिटन कल के खेलों में मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे। कर्नाटक ने 38वें राष्ट्रीय खेल 2025 में शानदार शुरुआत करते हुए पांच स्वर्ण पदक जीते और हल्द्वानी के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी तैराकी परिसर में नया रिकॉर्ड बनाया। महिलाओं की 200 मीटर फ्रीस्टाइल में, धीनिधि देसिंघु ने 2 मिनट 3 दशमलव दो–चार सेकंड में स्वर्ण पदक जीतकर नया राष्ट्रीय खेल रिकॉर्ड बनाया। पुरुषों की 200 मीटर फ्रीस्टाइल में, श्रीहरि नटराज ने 1 मिनट 50 दशमलव पांच–सात सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। वुशु मे कल चार मेडल गेम्स खेले गए जिनमें से मणिपुर ने तीन स्वर्ण पदक अपने नाम किये। पदक तालिका की बात करें तो कर्नाटक छह स्वर्ण और दो रजत पदक के साथ पहले और मणिपुर चार स्वर्ण और चार रजत के साथ दूसरे स्थान पर है। उत्तराखंड एक कांस्य पदक के साथ पदक तालिका में 14वें स्थान पर है।

<u>ग्रीन गेम्स/खेल मंत्री</u>

प्रदेश की खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा है कि 38वें राष्ट्रीय खेल ग्रीन गेम्स के रूप से जाने जाएं, इसके लिए प्रदेश सरकार ने कई पहल की हैं। उन्होंने बताया कि ई– वेस्ट से 5 हजार मेडल तैयार किए गए हैं। इसके अलावा खेलों के दौरान सौर ऊर्जा और ई–वाहन का उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने ग्रीन गेम्स को लेकर विस्तार से जानकारी दी।

<u>महात्मा गांधी पुण्यतिथि</u>

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की आज 77वीं पुण्यतिथि है। इस अवसर पर राष्ट्र आज महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। यह दिन शहीद दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर राजघाट पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और तीनों सेनाओं के प्रमुख तथा चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ भी मौजूद रहे। राष्ट्र प्रतिवर्ष तीस जनवरी को महात्मा गांधी के जीवन और विरासत का स्मरण करता है। गांधी जी आजादी के लिए भारतीय संघर्ष के प्रेरणास्रोत थे।